हेरिटेज निगम ने हटाए अस्थाई अतिक्रमण, तीन ट्रक सामान जब्त*

जयपुर। नगर निगम हेरिटेज जयपुर की सतर्कता शाखा ने मंगलवार को अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन ट्रक माल जब्त किया है, साथ ही 17 हजार रुपए का परिवहन शुल्क वसूल किया है। इस संबंध में हेरिटेज निगम उपायुक्त सतर्कता पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि हेरिटेज निगम आयुक्त डॉ निधि पटेल के निर्देश पर सतर्कता शाखा अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। मंगलवार को दस्ते ने चांदपोल, संसार चंद्र रोड, एम आई रोड, जौहरी बाजार, घाटगेट, चुलगिरी इलाके में सड़क और बरामदे पर हो रहे अस्थाई अतिक्रमण हटा दिया। इस दौरान निगम दस्ते ने तीन ट्रक सामान जब्त किया है, और 17 हजार रुपए परिवहन शुल्क भी जमा किया है। उन्होंने बताया कि हेरिटेज निगम क्षेत्र में अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जाएगी।


Shot on OnePlus

Shot on OnePlus

Shot on OnePlus